DAV PUBLIC SCHOOLS,BHUBANESWER

TERM – II EXAMINATION 2019-2020

CLASS – V

SUB – LOWER HINDI

TIME-2 Hrs Full Marks-50

सामान्य निर्देश-

- इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं और तेरह प्रश्न हैं।
- खंड- क 5 अंक का, खंड- ख 5 का, खंड- ग 15 अंक का और खंड-घ 25 अंक का है।
- सभी प्रश्नों के उत्तर साफ और सुंदर अक्षरों में लिखिए।
- सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

खंड – क (अपठित गद्यांश 5 अंक)

1.(क) निम्नलिखत गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए (5x1=5)

एक जंगल में एक लोमड़ी जा रही थी । रास्ते में उसे अंगूर का पेड़ दिखा जिसपर बहुत सारे अंगूर के फल लगे हुए थे जिसको देखकर लोमड़ी के मुँह में पानी आ गया। लोमड़ी अंगूर के फल खाने के लिए अंगूर के गुच्छे की तरफ छलाँग लगाई लेकिन अंगूर का पेड़ काफी ऊँचा था। लोमड़ी की पहुँच से दूर था। लोमड़ी ने कई बार कोशिश की लेकिन वह अंगूर के फल को न पा सकी। अंत में थककर खुद को सांत्वना देते हुए चली गई। जाते हुए मन में यही कह रही थी अंगूर खट्टे हैं।"जब हम प्रयास करते हुए थक जाते है और हमें निराशा मिलती है तो हम सोचते हैं कि सफलता मिलना हमारे भाग्य में नहीं है, ऐसा कहकर खुद को सांत्वना देते है"

(क) क्या देखकर लोमड़ी के मुँह में पानी आ गया ?

(ख) अंगूर के फल को खाने के लिए लोमड़ी ने क्या किया?

(ग) लोमड़ी अंगूर का फल क्यों नहीं पा सकी ?

(घ) लोमड़ी मन में क्या कह रही थी ?

(ङ) जब हम निराश होते हैं तो क्या कहते हैं ?

खंड ख (लेखन - 5 अंक)

2. किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए । (1x5=5)

(क) किसान (ख) मेरा विद्यालय

खंड ग (व्याकरण - 15 अंक)

3.निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए। (3x1=3)

(क) परी (ख) मिठाई (ग) बात

4. विकल्पों से चुनकर विलोम शब्द लिखिए। (3x1=3)

(क) पुरानी - (नया,पुराना, पुरने, नई,)

(ख) आदर - (आदरणीय, निरादर, आलस, सम्मान)

(ग) अज्ञानी -(आज्ञानता, ज्ञान,अज्ञान,ज्ञानी)

5. विकल्पों में से चुनकर इन वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए। (3x1=3)

(क) जो सोने से जेवर बनाए – (कायर,सुनार,लुहार,मरीज)

(ख) जो लापरवाही करे - (लापरवाह,मूर्ख, आलसी ,साहसी)

(ग) जो खेती करे - (कामचोर, मेहनती ,मज़बूत ,किसान)

6. वर्णों को सही क्रम में लगाकर शब्द बनाइए । (3x1=3)

(क) ली ट पो

(ख) ह मे त न

(ग) ला गु म

7.समान लय वाले एक-एक शब्द लिखिए। (3x1=3)

(क) पीली (ख) बस्ती (ग) मलाई

खंड घ (पाठ्यपुस्तक -25 अंक)

8.किसी एक कविता की पहली आठ पंक्तियाँ लिखिए । (1x4=4)

(क) मेला

(ख) रेल

(ग) सीख

9. विकल्पों से सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए । (4x1=4)

(क) स्वामी जी -------- से सोते । (आराम,चैन,कठिन,बिस्तर)

(ख) ------- लोग संकट में कभी नहीं घबराते। (डरपोक,साहसी,कायर,हिम्मत,)

(ग) लालकिला --------- पत्थर से बना है। (काला,सफेद,लाल,हरा)

(घ) टेलीफोन की —————-बजती है। (ताली,घंटा,घंटी,शंख)

10.वाक्य बनाइए । (2x1=2)

(क) पत्थर (ख) मिठाई

11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें। (4x1=4)

बच्चो, कोई नहीं जानता दिल्ली कितनी पुरानी है।हाँ,इतना पक्का है कि यमुना नदी के किनारे बसी दिल्ली बहुत पुरानी है। दिल्ली की हर ईंट की एक कहानी है।दिल्ली ने देशी-विदेशी बहुत से राजा-महाराजा देखे। दिल्ली के कई रूप और रंग हैं। दिल्ली देश का दिल है। यहाँ सब प्रांतों और सब धर्मों के लोग रहते हैं। यहाँ देश की सब भाषाएँ बोली जाती हैं।इस कारण इसे छोटा भारत भी कहते हैं।

(क) दिल्ली किस नदी के किनारे बसी हुई है ?

(ख) दिल्ली ने कैसे राजा –महाराजा देखे?

(ग) देश का दिल किसे कहा जाता है?

(घ) यहाँ कौन सी भाषा बोली जाती है ?

12.निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (4x2=8)

(क) पाठ याद करने के लिए बोपदेव को क्या जरूरी लगा ?

(ख) राजू पहले कैसा लड़का था ?

(ग) निशा ने पूजा को चिड़ियाघर जाने के बारे में क्या कहा ?

(घ) लोमड़ी चिल्लाती हुई जंगल में क्यों भाग गई ?

(ङ) सोनू को इनाम के डिब्बे से क्या मिला ?

(च) स्वामी जी के अनुसार हम गुलाम किस कारण हैं ?

13.निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का मूल्यपरक उत्तर लिखिए। (1x3=3)

(क) स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन से हमें क्या - क्या सीख मिलती है ?

(ख) अपने देश की भलाई के लिए आप कौन से तीन काम करना चाहेंगे ? लिखिए।